# मुख्यमंत्री ने आज़ादी की 75वीं वर्षगाँठ पर जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

## चर्चा में क्यों?

15 अगस्त, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के कचहरी चौक स्थित टाउन हॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा आज़ादी की 75वीं वर्षगाँठ पर आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

## प्रमुख बिंदु

- यह प्रदर्शनी देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले छत्तीसगढ़ के महान क्रांतिकारियों की स्मृति में आयोजित की गई है।
- इस प्रदर्शनी में आज़ादी की लड़ाई में छत्तीसगढ़ के क्रांतिकारियों का योगदान, अमर क्रांतिकारियों के महत्त्वपूर्ण दस्तावेज़, स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उनकी जीवन यात्रा, जंगल सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन एवं स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में उनके योगदानों को प्रदर्शित किया गया है।
- छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह, छत्तीसगढ़ के मंगल पांडे कहे जाने वाले हनुमान सिंह, शहीद वीर गुंडाधुर, श्री बिरसा मुंडा, वीर सुरेंद्र साय, ठाकुर प्यारे लाल सिंह, श्री ई. राघवेंद्र राव, डॉ. खूबचंद बघेल, श्री यतियतन लाल, बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव, बैरिस्टर छेदीलाल, पं. माधवराव सप्रे, श्री परसराम सोनी, श्री रामप्रसाद पोटाई, महंत लक्ष्मी नारायण दास, श्री बिसाहू दास महंत, श्री धनीराम वर्मा, श्री वामनराव बलिराम लाखे, सेठ शिवदास डागा, पंडित रविशंकर शुक्ल, रायपुर की प्रथम महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राधा बाई सहित छत्तीसगढ़ के अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को सचित्र प्रदर्शित किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छत्तीसगढ़ प्रवास से जुड़ी जानकारी भी सचित्र प्रदर्शित की गई है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को यह जानना बेहद ज़रूरी है कि छत्तीसगढ़ के महान क्रांतिकारियों ने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। यह प्रदर्शनी आज की पीढ़ी को इससे अवगत कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी।
- गौरतलब है कि 15 से 21 अगस्त तक कचहरी चौक स्थित टाउन हॉल में यह प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। हमर तिरंगा अभियान पर केंद्रित फिल्म का प्रदर्शन भी प्रदर्शनी स्थल पर किया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/photo-exhibition-organized-by-the-public-relations-department